वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 352 शुक्रवार 21 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## वार्डवार लगेंगे राहत शिविर

### 24 अप्रैल से होगी शुरूआत; प्रशासन शहरों के संग अभियान में ही अलग से लगेंगे काउंटर

**जयपुर. कासं।** बजट में की गई ऐसी घोषणाएं जो महंगाई से राहत देते हुए सीधे आमजन को मिलेगी उसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई राहत शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इन शिविरों को 24 अप्रैल से प्रदेश की हर नगर निकाय क्षेत्र में वार्डवाइज लगाने के निर्देश दिए हैं। नगरीय विकास विभाग ने इसके लिए सभी निकायों, यूआईटी और विकास प्राधिकरण को ऑर्डर जारी किए हैं। आदेशों के मुताबिक ये राहत कैंप प्रशासन शहरों के संग और प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान लगने वाले शिविरों में ही अलग से लगाए जाएंगे। ये कैंप वार्डवार लगाए जाएंगे। इन कैंप के लिए अलग से यूआईटी या निकाय का एक डिप्टी कमिश्नर, रेवेन्यू ऑफिसर, टाउन प्लानर और तकनीकी स्टाफ मौजूद रहेगा। अभी तक सरकार के प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत लगने वाले कैंप नगर निगम, जेडीए या नगर पालिका एरिया में जोन स्तर पर लगाए जा रहे थे, लेकिन राहत कैंप में लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए इन कैंप को वार्डवार लगाया जा रहा है।

### राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2023

## जवाहर कला केन्द्र में 28 अप्रेल से 7 मई तक होगा आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रजिस्ट्रार सहकारिता मेघराज सिंह रतनू ने बताया कि 10 दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2023 का आयोजन 28 अप्रेल से 7 मई, 2023 तक जवाहर कला केन्द्र के दक्षिण परिसर में किया जाएगा। जिसकी आवश्यक तैयारिया शुरू कर दी गई है। रतनू सहकार भवन में राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2023 को लेकर आयोजित बैठक में अतिरिक्त खंडीय रजिस्ट्रारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में राजस्थान देश का एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जो कई वर्षों से सहकार मसाला मेले का आयोजन करते हुए जयपुरवासियों को शुद्ध मसाले उपलब्ध कराने की पहल करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि जयपुर में आयोजित होने वाले सहकार मसाला मेले का जयपुरवासियों को इन्तजार रहता है इस मेले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुकी है। उन्होंने खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने संभाग के गुणवत्तायुक्त मसाले लेकर संस्थाओं को भिजवाएं।



राजस्थान में चली धूल भरी आंधी

## जयपुर, अजमेर, अलवर सहित प्रदेश के कई जिलों में छाए बादल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

उत्तर भारत में छाए पश्चिमी विक्षोभ का असर राजस्थान पर दिखा। इसके साथ दक्षिणी राजस्थान और गुजरात के ऊपर चक्रवाती हवाओं का घेरा भी बना। इसका असर दोपहर बाद देखने को मिला है। जयपुर, उदयपुर, अजमेर संभाग के जिलों में आसमान में बादल छाने से यहां लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। सिरोही, अलवर, जयपुर, उदयपुर समेत कई शहरों में आज दिन का अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर ने अब कल से प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। जयपुर में दोपहर बाद हल्की धूल भरी हवा भी चली। बादल छाए। इससे पहले जयपुर में सुबह मौसम साफ रहा और धूप भी निकली। इसी तरह का मौसम अलवर, टोंक, भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, अजमेर जिलों में भी रहा। अलवर, सिरोही, उदयपुर और अजमेर में आज दिन का अधिकतम तापमान गिरकर 35 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इधर पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, चूरू और जोधपुर में भी आज दिन में लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। यहां भी दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। जो सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक नीचे है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में अगले तीन-चार दिन अब मौसम पूरी तरह शुष्क रहने की संभावना है। साथ 22 अप्रैल से तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### बीकानेर में तापमान गिरा



बीकानेर में तेज गर्मी और तल्ख धूप से परेशान लोगों को फिलहाल कुछ राहत मिली है। बीते चौबीस घंटे में तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश के कारण तापमान में आई गिरावट ने गुरुवार को तो राहत दी है। हालांकि मौसम साफ रहा।



Since : 2013

# शाबाश इंडिया

पाक्षिक, साप्ताहिक समाचार पत्र एवं दैनिक ई-पेपर

सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर

# दशक-ए-शाबाश

# पल पल दिल के पास

BOLLYWOOD NIGHT

BOLLYWOOD NIGHT!

एक संगीतमय प्रस्तुति

**बुधवार, 26 अप्रेल 2023**
**समय : सायं 7:30 बजे से**

**स्थान : वर्धमान ऑडिटोरियम**
श्री महावीर स्कुल प्रांगण, सी-स्कीम, जयपुर

## संगीतमय शाम के साथी



**श्री संजय रायजादा**
अन्तर्राष्ट्रीय गायक
(ए.बी.सी.एल. फेम)



**श्री गौरव जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय गायक
(ए.आर. रहमान फेम)



**श्रीमती दीपशिखा जैन**
गायिका
(सोनी टीवी गुरूकुल फेम)



**श्रीमती रतिका जैन**
प्रसिद्ध एंकर
(अंताक्षरी फेम)

## आमंत्रित अतिथिगण

समारोह गौरव
**माननीय न्यायाधिपति श्रीमान् नरेन्द्र कुमार जी जैन**
पूर्व मुख्य न्यायाधीश, सिक्किम हाईकोर्ट

मुख्य अतिथि
**श्रीमान् नन्द किशोर जी प्रमोद जी पहाड़िया**
ए. आर. एल. ग्रुप

अध्यक्षता
**श्रीमान् उमराव मल जी संघी**
अध्यक्ष-श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्

दीप प्रज्जवलनकर्त्ता
**श्रीमती गुणमाला देवी गंगवाल**
धर्मपत्नी स्व. श्री मोहनलाल जी गंगवाल (साड़ी घर वाले)

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा**
सम्पादक-दैनिक समाचार जगत

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् सुरेन्द्र जी पाण्ड्या**
राष्ट्रीय महामंत्री-दिगम्बर जैन महासमिति

विशिष्ट अतिथि
**श्रीमान् महेन्द्र जी पाटनी**
मंत्री-अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी

**आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं ।**

निवेदक :
**राकेश – समता गोदिका**
राजेश – अंजना गोदिका ✻ दिनेश – मीतू गोदिका ✻ सक्षम – आरूषी गोदिका
राज – एस.के. जैन ✻ रचिता – सिद्धार्थ खूटेंटा ✻ अद्विता खूटेंटा
एवं समस्त शाबाश इंडिया परिवार

## शाबाश इंडिया

स्थापना दिवस विशेषांक का विमोचन



विमोचनकर्त्ता :
**श्रीमान् राजीव जी - सीमा जी गाजियाबाद**
प्रमुख समाज सेवी

## शाबाश इंडिया

**राकेश गोदिका, प्रधान सम्पादक**
मोबाइल: 9414078380, 9214078380
shabaasindia.com
rakeshgodika@gmail.com
shabaasindia@gmail.com

रजि. कार्यालय : बी-180, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर
सिटी कार्यालय : प्लॉट नं. 8, ओझा जी का बाग, टोंक रोड़, जयपुर


Printed by : VARDHMAN PRINTERS # 9314263204

# पृथ्वीपुर झांसी में 22 से होगा पंच कल्याणक महोत्सव

## मुनिपुंगवश्री सुधासागरजी महाराज का मिला सान्निध्य

**पृथ्वीपुर. शाबाश इंडिया**

मेरी जिंदगी मेरे लिए है मरने के बाद कुछ भी नहीं बचेगा सबसे बड़ी चीज यदि कुछ है तो मोत, मोत का नाम सुनते ही हमारा मन विचलित हो जाता है कपडा फट गया कपडा बदलना है फिर नया कपडा मिलेगा मरने से क्यो डरना मैं वर्तमान मैं जीवित हु ये कोई बड़ी बात नहीं मैं हूं, जैन दर्शन कहता है कि सम्पूर्ण सुख को पाओगे सम्यकदर्शन होने के पूर्व व्यक्ति को अनुभूति होती हैं में जन्म के पहले भी था मे अनादि काल से था, आप ये बात गुरु, भगवान शास्त्र का सहारा मत लो जन्म के पहले मे था ही नही मरण के बाद रहुंगा या नहीं वो व्यक्ति कुछ अच्छा नही सोचेगा, बुरा विचार आयेगें पाप करने का भाव आयेंगे उक्त आश्य केउद्गार



मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने पृथ्वीपुर में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

# भगवान कुंथुनाथ जी के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू अर्पित किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में आज भगवान कुंथुनाथ जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैन समाज समिति वरुण पथ मानसरोवर द्वारा निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। प्रचार संयोजक विनेश सोगानी ने बताया कि 24 तीर्थंकरों के निर्वाण लाडू के अवसर पर पूर्ण विधि विधान से भगवान के श्री चरणों में निर्माण लाडू अर्पित किया जाता है आज प्रातः की पावन बेला में श्री श्री 1008 भगवान कुंथुनाथ जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर संपूर्ण जगत में शांति की भावना के लिए निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज समिति के मंत्री जेके जैन, संगठन मंत्री हेमेंद्र सेठी, महावीर पाटनी, विनेश सौगाणी, शरद बाकलीवाल वीरेश जैन टीटी, विनोद छाबड़ा, पुष्पेंद्र जैन पचेवर, अजय जैन दिल्ली, राकेश चांदवड, मनीष जैन, जिनेंद्र पाटनी महिला महा समिति की अध्यक्षा श्रीमती हीरामणि जैन श्रीमती रजनी लुहाडिया श्रीमती कृष्णा जैन सहीत सैकड़ों साधर्मी बंधुओं ने निर्वाण लाडू अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# टी के वेद बने विधिनायक



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर, श्री आदि वीर जिनालय कल्पतरु तीर्थ इंदौर में होने वाले पंचकल्याणक महामहोत्सव तारीख 28 अप्रैल से 3 मई 23 तक होने वाले श्री मजजिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में परम सानिध्य परम पूज्य मुनि श्री आदित्य सागर जी अप्रमित सागर जी, सहज सागर जी, ससंघ के सानिध्य में होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में दिगंबर जैन समाज के गोरव शाली परिवार टी के वेद परिवार ने महोत्सव के विधि नायक बनने का परम सोभाग्य प्राप्त किया समाज में हर्ष आप के इस परम सोभाग्य प्राप्त करने पर दिगंबर जैन समाज सामाजिक सांसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश विनायका, हंसमुख गांधी, संजीव जैन सजिवनी, राजेश जैन दद्दू राजीव जैन बंटी भैया आदी समाज जन ने बंधाई दी।




## वेद ज्ञान

# धर्म और विज्ञान

ज्ञान के तर्कवाद ने सत्य तक पहुंचने की जो विधि खोजी है वह अपने आप में युक्ति संगत ही है, किंतु विज्ञान की भी अपनी सीमा है। वह जड़-जगत या भौतिक जगत के रहस्यों को उजागर करता है तो अध्यात्म विज्ञान के रहस्यों का खुलासा करता है। विज्ञान और अध्यात्म में अंतर सिर्फ इतना है कि विज्ञान जहां पदार्थ का अध्ययन करता है वहीं अध्यात्म आत्म चेतना का अध्ययन करता है। इस संदर्भ में महानतम वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन की यह टिप्पणी काफी सारगर्भित जान पड़ती है कि धर्म के बगैर विज्ञान अधूरा है और विज्ञान के बगैर धर्म। भारतीय धर्म शुरू से ही तर्क और विज्ञान की नींव पर अवलम्बित रहा है। विज्ञान की उपलब्धियों को नकारा नहीं जा सकता है। कहने का आशय सिर्फ इतना ही है कि आज आम भारतीय वैचारिक रिक्तता का शिकार हो गया है। उदाहरण के लिए योग और प्राणायाम को ही लीजिए। हजारों वर्ष पूर्व की इस विद्या के प्रति भारतीयों का ध्यान तब गया, जब अमेरिका, ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया कि योग और प्राणायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। इसी तरह विमानों के संदर्भ में भी बात कही जा सकती है। 1901 में राइट बंधुओं ने दुनिया में पहली बार विमान पर बैठकर उड़ान भरी थी। मैं यहां रामायण में वर्णित 'पुष्पक विमान' का जिक्र नहीं करना चाहता, किंतु प्रसंगवश मुझे जिक्र करना पड़ रहा है। पुष्पक विमान के बारे में कुछ कथित बुद्धिजीवी लोग यह कुतर्क पेश कर सकते हैं कि अरे यह तो एक उपन्यास, कथा या महाकाव्य है, जिसमें कल्पनालोक की तमाम बातें दृष्टांतों के रूप में कही गई हैं। रामायण में पुष्पक विमान का जो उल्लेख मिलता है वह किसी भी दृष्टि से काल्पनिक या अवास्तविक या मनगढ़ंत नहीं हो सकता। इस बात का जीवंत प्रमाण है खुद 'विमान' शब्द। यदि विमान न होता तो उस युग में मनुष्य को लेकर किसी उड़ने वाले यंत्र के लिए 'विमान' शब्द को खोजने की क्या जरूरत थी? ध्यान रहे, आदमी उन्हीं वस्तुओं की कल्पना कर सकता है, जिनका इस दृश्यमान जगत में या तो पहले से अस्तित्व रहा हो या फिर इसके लिए कोई शब्द गढ़ा गया हो। पुरानी वस्तु या विचार अगर आज के विज्ञान की कसौटी पर खरे उतरते हैं तो वे निःसंदेह ग्रहण करने योग्य हैं।

## संपादकीय

# जांच एजेंसियों पर राजनीति हावी न हो...

अब यह सियासी रिवायत-सी बनती गई है कि जब भी किसी राजनेता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो उसे सही साबित करने के लिए आंदोलन खड़ा हो जाता है। जब भी जांच एजेंसियां किसी नेता को पूछताछ के लिए बुलाती हैं, तो उसके पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक सड़कों पर उतर आते हैं। इसके चलते घंटों सड़कें बाधित रहती हैं, नाहक लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है। इसका ताजा उदाहरण दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई द्वारा आबकारी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया जाना और फिर पूरे दिन दिल्ली में अव्यवस्था बने रहना है। इसके पहले जब उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, तब भी ऐसा ही हुआ था। सिसोदिया पहले पूरे हुजूम के साथ राजघाट गए, फिर पूछताछ के लिए हाजिर हुए। यही तरीका केजरीवाल के समय भी अपनाया गया। पूछताछ के लिए जाने से पहले उन्होंने प्रेस के सामने जांच एजेंसियों पर दबाव में काम करने का खुलकर आरोप लगाया। भाजपा को निशाने पर लिया और केंद्र सरकार को चुनौती दी कि वह चाहे कितने भी नेताओं को गिरफ्तार कर ले, आम आदमी पार्टी का मनोबल टूटेगा नहीं। विचित्र है कि जो अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, वही अब भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में हैं। दिल्ली सरकार पर नई आबकारी नीति लागू करके भारी मात्रा में धन कमाने का आरोप है। मनीष सिसोदिया के पास आबकारी विभाग की जिम्मेदारी थी, उन्हें इस घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। अब अरविंद केजरीवाल पर आरोप है कि उनकी सहमति से यह घोटाला किया गया। सीबीआई को इससे संबंधित तथ्य हाथ लगे होंगे, तभी उसने इतना बड़ा कदम उठाया। यह शायद पहली बार है कि किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई ने तलब किया। बिना किसी ठोस आधार के जांच एजंसी इतना बड़ा कदम नहीं उठा सकती थी। मगर अब माहौल कुछ ऐसा बन गया या बना दिया गया है कि जब भी किसी मामले में जांच एजंसियां पूछताछ करती हैं, तो उसे केंद्र के इशारे पर की जा रही कार्रवाई कहकर शोर मचाया जाने लगता है। सवाल है कि कोई आरोपी खुद इस तरह की दलील देकर कैसे किसी आरोप से बरी हो सकता है। आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ सदा से जंग छेड़ती रही है, फिर उसके नेताओं को अपने ऊपर लगे ऐसे आरोपों से बचने का प्रयास क्यों करना चाहिए। उन्हें सीबीआई के सवालों का जवाब देकर साबित करना चाहिए कि सचमुच वे पाक-साफ हैं। हालांकि अरविंद केजरीवाल सीबीआई के समक्ष पेश हुए, मगर केंद्रीय जांच एजंसियों के कामकाज पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र भी बुला लिया। विचित्र है कि जब भी आबकारी घोटाले की बात होती है, तो दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के नेता शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां गिनाने लगते हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# लापरवाही...

किसी भी दुखद घटना या हादसे का जरूरी सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। लेकिन ऐसा लगता है कि बिहार में सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वहां पाबंदी के बावजूद बार-बार जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है और प्रशासन की नाकामी बदस्तूर कायम है। गौरतलब है कि बिहार के मोतिहारी में तीन दिन पहले शराब पीने के बाद फिलहाल छब्बीस लोगों की जान जाने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात यह है कि राज्य में शराब पर सख्त पाबंदी को मौजूदा सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताती रही है। मगर समय-समय पर अमूमन हर जगह अवैध रूप से शराब मिलने की खबरों को लेकर जब सवाल उठाए गए और पाबंदी की व्यावहारिकता को कठघरे में खड़ा किया गया, तब भी सरकार ने इस मामले में नरमी बरतने के कोई संकेत नहीं दिए। सवाल है कि अगर सरकार शराब पर प्रतिबंध को लेकर अपने सख्त रुख को उचित मानती है तो उसे जमीन पर उतारने में लगातार नाकाम क्यों दिख रही है! हालांकि कुछ महीने पहले राज्य के छपरा जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की पिछली घटना के बाद राज्य में काफी तीखी प्रतिक्रिया उभरी थी और विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे। तब मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया दी थी, उसे भी संवेदनशीलता की कसौटी पर उचित नहीं माना गया था। जबकि पाबंदी के बावजूद अगर कहीं किसी रूप में सामान्य या जहरीली शराब मिल रही है तो यह राज्य के प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही और विफलता का ही सूचक है। अगर सरकारी तंत्र की नाकामी की वजह से जहरीली शराब के कारोबारी अपना धंधा चला रहे हैं तो सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। शायद इसी तरह के सवालों से उपजे दबाव का नतीजा है कि इस बार अपना रुख बदलते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने यह अहम घोषणा की कि मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से मरने वालों के अलावा पहले की घटनाओं में हुई मौतों के मामले में भी पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। यों सरकार ने इसके लिए कुछ शर्तें लगाई हैं। मसलन, मृतक के परिजनों को लिखित देना होगा कि मौत शराब पीने से हुई है, शराबबंदी अच्छी चीज है और भविष्य में परिवार का कोई भी शख्स शराब नहीं पीएगा। दरअसल, बिहार में पिछले कई साल से शराबबंदी लागू है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ राज्य की पुलिस की ओर से बेहद सख्ती बरतने की खबरें भी आती रही हैं। शराब की अवैध बिक्री के आरोप में बहुत सारे लोगों को जिस तरह कानून के कठघरे में खड़ा किया गया, उस पर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए। जमीनी तस्वीर यह है कि राज्य में पाबंदी के बावजूद शराब हासिल करना कोई मुश्किल काम नहीं देखा गया। ऐसे आरोप भी सामने आए कि कई स्तर पर मिलीभगत के बूते आज भी शराब के अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता है। इसी बीच कई बार जहरीली शराब भी बेच दी जाती है और उसका शिकार आमतौर पर वैसे गरीब लोग होते हैं, जो जागरूक नहीं होते हैं। आखिर इसकी मुख्य वजह शराबबंदी के नियम को ईमानदारी से लागू करने में राज्य के संबंधित महकमों की लापरवाही ही है। यह बेवजह नहीं है कि प्रतिबंध के बावजूद हर कुछ समय बाद राज्य के किसी इलाके में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत की खबरें अक्सर आती रहती हैं। अगर बिहार सरकार इसे कोई गंभीर समस्या मानती है तो उसे शराबबंदी की अपनी प्रचारित नीति की सार्थकता भी साबित करनी चाहिए।

# जैन मुनि 108 श्री निर्वेग सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश कोडरमा धर्मनगरी में हुआ



**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के सबसे बड़े तपस्वी जिनकी चर्या तप और त्याग झलकता है ऐसे संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 मुनि श्री 108 निर्वेग सागर जी महाराज ,मुनिश्री 108 शीतलसागरजी महाराज ऐलक श्री 105 निजानंदसागरजी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश आज दिनांक 20.4 को झुमरी तिलैया कोडरमा धर्म नगरी में हुआ । ज्ञात हो जैन मुनि इस भीषण गर्मी में जहां लोग धूप में निकलने को सोचते हैं वैसे समय में जैन मुनि खाली पैर पद गया नगरी से पद विहार करते हुवे राजगीर पावापुरी,नवादा होते हुए लगभग 200 किलोमीटर की पद यात्रा करते हुवे यहां पहुँचे। जहाँ शहर के मुख्य द्वार पर शहर के समाज के सभी पदाधिकारी गण महीला समाज के पदाधिकारी गण गाजे-बाजे के साथ आगवानी की नगर भ्रमण करते हुए बड़ा जैन मंदिर जी पहुंचे जहां पर देवाधिदेव 1008 आदिनाथ भगवान की प्रतिमा पर मुनि श्री के मुखारबिंद से विश्व शांतिधारा कराया गया शांति धारा करने का सौभाग्य जैन अजित गंगवाल, जैन संजय गंगवाल के परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद मंगलाचरण जैन सुबोध गंगवाल ने किया ओर दिप प्रज्वलन समाज के पदाधिकारि गण ने किया ओर मुनि संघ को ग्रीष्म कालीन प्रवास के लिए श्री फल चढ़ाया।

# नैनीवाल चाकसू क्रय विक्रय सहकारी समिति निर्विरोध उपाध्यक्ष बने

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**



जयपुर। चाकसू क्रय विक्रय सहकारी समिति चाकसू के गुरुवार को हुए चुनाव में ग्राम कोटखावदा निवासी सीताराम नैनीवाल कोटखावदा उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी आलोक शर्मा ने उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन का नैनीवाल को प्रमाण पत्र सौंपा। वही समिति परिसर में माला और साफा पहना कर उनका सम्मान किया गया। वही कस्बा चाकसू में कई जगह उनका माला और साफा पहनाकर के सम्मान किया गया। निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए नैनीवाल पहले भी कई पदों पर रह चुके हैं। वही नैनीवाल के निर्विरोध निर्वाचन पर कोटखावदा क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई।

# भगवान नमिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर हुये अनेक कार्यक्रम आयोजित

## संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ अनुष्ठान एवं णमोकार महामंत्र पाठ का हुआ आयोजन

**निवाई. शाबाश इंडिया**



विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल निवाई के तत्वावधान में बडी.के मंदिर के पास णमोकार भवन पर संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल की प्रचार संयोजक संजू जौंला ने बताया कि जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान नमिनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के चलते संगीतमय भक्तामर पाठ का अनुष्ठान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रमेश चंद शीला जैन डॉक्टर अवधेश जैन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ रीना जैन द्वारा भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अनुष्ठान की शुरूआत गायक विमल जौंला ने संगीतमय 108 णमोकार मंत्र की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान गायक विमल जौंला गायिका हेमा बनेठा गायिका पिंकी कठमाणा प्रियंका पराणा एवं ज्योति छाबड़ा सहित अनेक कलाकारों ने संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ एवं भजन कीर्तन आयोजित किए गए। कार्यक्रम मे मंगलाचरण रीना जैन अन्नू जैन एवं प्रियंका जैन ने किया। जौंला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रिद्धि मंत्रों से 48 दीपकों को भक्तामर श्लोकों से मण्डप पर समर्पित किए गए। महिला मण्डल की प्रवक्ता संजू जौंला ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं ने अपने मुखारविंद से भक्तामरजी का उच्चारण करते हुए सम्यग्दर्शन सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र के दीपक समर्पित किए। इस दौरान गायक विमल जौंला ने पारस प्यारा लागे जिनेश्वर प्यारा लागे ... उड़ती पुरवाईया संदेशों म्हारो लेती जाजो रे .... सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी गई जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य किए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ जी की आरती की। इस अवसर पर दन्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल जैन नितेश जैन त्रिलोक सिरस योगेश जैन हितेश जैन टीना जैन रीना जैन अन्नू जैन प्रियंका जैन मौजूद थे।




## महावीर इंटरनेशनल जोन चेयरमैन का ब्यावर आगमन, ब्यावर केंद्रों की ली बैठक



**ब्यावर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल के जोन चेयरमैन वीर तेजमल बुरड़, जोन सचिव वीर डॉ. तारेश जैन, जोन कोषाध्यक्ष वीर महावीर बिनायकिया आदि के सानिध्य में ब्यावर महावीर इंटरनेशनल परिवार की एक संयुक्त बैठक सिटी टावर में सम्पन्न हुई, जिसमें जोन चेयरमेन का भावभीना स्वागत किया गया। जोन चेयरमैन ने अपने उदबोधन में महावीर इंटरनेशनल के मूलमंत्र सबको प्यार सबकी सेवा, जिओ और जीने दो के सिद्धांतों को आत्मसाध करते हुए विभिन्न सेवा कार्यों को करने पर जोर दिया तथा अपेक्स द्वारा संचालित विभिन्न स्थाई प्रकल्पों की जानकारी देते हुए महावीर इंटरनेशनल परिवार की एकता को बढ़ावा देने हेतु ब्यावर में संचालित सभी केंद्रों का शपथ विधि कार्यक्रम एक साथ करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर धनपत श्रीश्रीमाल ने जोन चेयरमैन को विश्वास दिलाया कि अपेक्स द्वारा सौंपे गए विभिन्न आयामों को पूर्ण करने हेतु ब्यावर के सभी छः केंद्र अपनी पुर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ सदैव तत्पर रहेंगे।

## एसएसजी पारीक पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर को राज्य स्तरीय पुरस्कार




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एसएस. जैन सुबोध पीजी. (ऑटोनोमस) महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सत्र 2020-21 में वर्ष पर्यन्त की गई विभिन्न उत्कृष्ट गतिविधियों के लिए 636 महाविद्यालयों में से चयनित 4 महाविद्यालयों में से एक ''एसएसजी पारीक पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर'' को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए प्राचार्य डॉ. विजयलक्ष्मी पारीक ने पुरस्कार प्राप्त किया, साथ ही इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। पारीक प्रबन्ध कार्यकारणी के सचिव लक्ष्मीकांत पारीक तथा कोषाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश पारीक ने उपलब्धि के इस गौरवपूर्ण क्षण के लिए महाविद्यालय को शुभकामनाएं प्रेषित की।






# जैन श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन को लेकर मांग का ज्ञापन दिया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान शाखा जोधपुर द्वारा राजस्थान में जैन श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन को लेकर मांग का ज्ञापन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम जिला कलेक्टर जोधपुर को गुरुवार 20 अप्रैल को सौपा गया। इसी क्रम में समग्र जैन समाज संस्थान ने भी ज्ञापन दिया। जोधपुर इकाई के अध्यक्ष दौलत जैन ने बताया कि ज्ञापन में राज्य सरकार से अल्पसंख्यक जैन समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए अतिशीघ्र जैन श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जैन बोर्ड का गठन जैन अनुयायियों के हितों की रक्षार्थ,जैन धर्म के संरक्षण सवर्धन के साथ साथ जैन सन्तो की चर्या के पालनार्थ अति आवश्यक है। धर्म जागृति संस्थान जोधपुर के संरक्षक अरविंद सेठी ने बताया कि 16 अप्रैल को महावीरजी में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में आचार्य वसुनंदी महामुनि राज के उपस्थिति में एक स्वर से जैन श्रमण संस्कृति गठन की मांग की गई थी ।इस अवसर पर धर्म जागृति संस्थान जोधपुरके अध्यक्ष दौलत जैन मंत्री संदीप जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जैन उपाध्यक्ष जितेंद्र जैन कोषाध्यक्ष राजन जैन एवं संरक्षक अरविंद सेठी उपस्थित रहे।

# जैन संत ब्रह्मानन्द सागर महाराज का पंचम समाधि दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। जैन समाज के अलौकिक सन्त समाधि सम्राट ब्रम्हानंद सागर महाराज की गुरुवार को पंचम पुण्य समाधि दिवस के अवसर पर जैन समाज के भक्तों द्वारा उन्हें याद किया गया। समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि मुनि महाराज का जन्म 21 नवंबर 1929 को हारूगेरी जिला बेलगांव कर्नाटक में हुआ था। इन्होंने अपने आत्म कल्याण के लिए घर परिवार छोड़कर 1970 में संन्यास धारण कर लिया और 22 जून 1971 को इन्होंने गुरूवर 108 महाबल सागर महाराज से क्षुल्लक दीक्षा ली व 6 फरवरी 1989 को मुनि सरल सागर महाराज से बाड़ी बरेली जिला सागर मध्य प्रदेश में इन्होंने मुनि दीक्षा धारण की और अपना आत्म कल्याण करते हुए महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में घूमते हुए, उन्होंने अपने जीवन काल में 46 चातुर्मास किये। जिनमें तीन चातुर्मास सुसनेर मध्य प्रदेश और आठ चातुर्मास पिड़ावा राजस्थान में किये और 25 वर्ष तक राजस्थान और मध्य प्रदेश प्रान्त में ज्ञान की गंगा बहाते हुए समाज को सुधारने तथा कुरीतियों को दूर करने का मार्ग बताया। उन्होंने अपनी आत्मा का कल्याण और मानव मात्र का कल्याण करते हुए 20 अप्रैल 2018 को नयापुरा के लाल मन्दिर पिड़ावा में शांत भाव से संयम धारण करते हुवे उत्कृष्ट समाधि प्राप्त की। इस पावन अवसर पर आचार्य सुव्रत सागर महाराज के सानिध्य में बड़े मंदिर व नवीन जिनालय जुना मन्दिर खंडपुरा में कई धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही जैन समाज के युवा साथियों द्वारा पिड़ावा हॉस्पिटल में जाकर फल वितरित किए गए। रात्रि में समाधि स्थल ब्रम्हानन्द सागर नसिया सुरजकुण्ड नयापुरा पिड़ावा में भक्त गण द्वारा भक्तामर भजन संध्या का कार्यक्रम कर उन्हें याद किया गया।

# सुदी बैशाख सु एकम नाम...

## भगवान कुन्थुनाथ के जयकारों से गूंज उठे जिनालय

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के सत्रहवें तीर्थंकर भगवान कुन्थुनाथ का जन्म तप व मोक्ष कल्याणक दिवस गुरुवार, 20 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये । मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया । अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इस मौके पर मंदिरों में प्रातः भगवान कुन्थुनाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान जन्म, तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढाये गये ।तत्पश्चात निर्वाण काण्ड भाषा का वाचन कर मोक्ष कल्याणक श्लोक "सुदी बैशाख सु एकम नाम, लियो तिहीं द्योस अभय शिव धाम। जजे हरि हर्षित मंगल गाय, समर्चतु हों सु हिया वच काय।।" का उच्चारण कर मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लाडू व अर्घ्य चढाया गया । भगवान कुन्थुनाथ की महाआरती के बाद समापन



हुआ। जैन के मुताबिक तारों की कूंट स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सायंकाल भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान दीप महाअर्चना एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें धनराज-श्रीमति कमलेश जैन,शिखर चन्द जैन, सुशील झांझरी,शरद हैदरी के निर्देशन में 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रो से युक्त दीप महाअर्चना की गई तथा कलाकारों द्वारा भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। भक्तामर स्तोत्र महिमा तथा महाआरती में श्रद्धालु झूम उठे।इस मौके पर संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, मंदिर अध्यक्ष नवीन जैन, मंत्री धनेश सेठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। शनिवार,22 अप्रैल को अक्षय तृतीया महापर्व भक्ति भाव से मनाया जाएगा।इस मौके पर जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मुनि के रूप में मुनि आदि कुमार के प्रथम पारणा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। त्याग की महिमा दशार्ते हुए जगह जगह दान देने के आयोजन किये जाएंगे। उनके प्रथम पारणा का प्रतीक ईश्क्षु रस जैन मंदिरों के बाहर आमजन को पिलाया जाएगा।

# मेगा नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर 30 अप्रैल को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा रविवार, 30 अप्रैल 2023 को मंगल धाम, प. टोडरमल स्मारक भवन, बापू नगर, जयपुर में प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक मेगा निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रेरकः चांद बाई सेठी पारमार्थिक ट्रस्ट के संस्थापक स्वर्गीय श्री बिरधी लाल जी सेठी की 31 वी पुण्य तिथि के अवसर पर , वीरेन्द्र कुमार जैन , शांता सेठी एवम उनके परिवार जन के सहयोग से इटरनल हॉस्पिटल जयपुर एवं दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में दि. जैन सोश्यल ग्रुप वीर के संयोजन में किया जायेगा। सहयोगी संस्थायें : शंकरा आई हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल, वेलोज मेडिकल सोल्यूशन्स, टोडरमल स्मारक ट्रस्ट। **शिविर में उपलब्ध नि:शुल्क सुविधायें :** चिकित्सक परामर्श हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ब्लड प्रेशर की जांच, शुगर की जांच, मोटापे की जांच ( इटक), कंप्लीट बॉडी चेक अप, कंप्लीट आई चेक अप, कंप्लीट डेंटल चेक अप, कान के पर्दे की जांच की जायेगी।

# छात्रा रिषा जैन को उदीयमान जनसंपर्क प्रतिभा सम्मान 21 अप्रैल को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 46वें राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस पर एस. एस. जैन सुबोध पी. जी. ( ऑटोनोमस ) कॉलेज, जयपुर की मास्क कम्युनिकेशन फाइनल ईयर की छात्रा रिषा जैन को उदीयमान जनसंपर्क प्रतिभा सम्मान से 21 अप्रैल 2023 को सायं 6 बजे पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर में सम्मानित किया जायेगा ।

# भारतीय जीवन बीमा निगम में बैंकिंग बीमा के बारे में भी विस्तृत रूप से अवगत करवाया

**बालेसर**

पांच दिवसीय इंटर्नशिप में भारतीय जीवन बीमा निगम बालेसर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुई इंदा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानगढ़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयाबेरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धर्मादिया बेरा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अजबार से 24 बालिकाओं को भारतीय जीवन बीमा निगम के संबंधित निवेश एवं बैंकों के अंतर्गत निवेश के बीच का अंतर समझाया गया। बैंकों में सेविंग और करंट अकाउंट खोलने के तरीके और बीमा के बारे में जानकारी दी गई। उपरोक्त विद्यालय भारती फाउंडेशन के सत्य भारती क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थित हैं, जिसमें बालिकाओं को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है।

# मुस्कान केंद्र ने पक्षियों के लिए परिंदे बांधे एवं वितरित किए




**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र ने तेज गर्मी के चलते पक्षियों के पानी के लिए परिंडे बाधे ,परिंडे बांधकर बेजुबान पक्षियों के लिए तपती गर्मी में पीने के पानी की व्यवस्था की। अध्यक्षा वीरा सुशीला कोठारी ने बताया बापू नगर गार्डन में 50 परिंदे लगवाए एवं नागरिकों को परिंदे वितरण किए। सदस्यों ने नियमित रूप से परिंदे में पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी ली। इस कार्यक्रम में मुस्कान केंद्र की अध्यक्षा वीरा सुशीला कोठारी, सचिव वीरा ललिता जैन, वीरा रेखा सुराना, वीरा सरिता जैन, मीरा विजया बंब आदि उपस्थित थे।

# जनकपुरी में जैनधर्म के 17 वें तीर्थंकर देवादिदेव श्री 1008 कूँथूनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक जीव दया दिवस के रूप में मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में गुरुवार को भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निवृत्ति हेतु अर्थात निर्वाण की भावना के साथ 17 वें तीर्थंकर भगवान कूँथुनाथ के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की कुन्थुनाथ जी का जन्म हस्तिनापुर में हुआ था। पिता का नाम शूरसेन (सूर्य) और माता का नाम श्रीकांता (श्री देवी) था। बिहार में पारसनाथ पर्वत के सम्मेद शिखर पर इन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। प्रभु की देह का रंग स्वर्ण के समान था, प्रभु कूँथू नाथ जी का प्रतीक चिन्ह बकरा था। प्रातः अभिषेक शान्तिधारा व पूजन के बाद समन्तभद्र की गाथा को अर्थ सहित समझाते हुए निर्वाण काण्ड वाचन कर भगवान के निर्वाण कल्याणक को लाडू समर्पित कर सामूहिक रूप से धर्म प्रभावना के साथ जीव दया दिवस के रूप में मनाया गया जिसमे समाज के गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# राजेंद्र राठौड़ के 67वें जन्म दिवस पर होटल विनायक रिसोर्ट में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव में जन सैलाब उमड़ा







**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

सीकर। जिले के लक्ष्मणगढ़ कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल विनायक रिसोर्ट में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ के जन्म दिवस पर गुरुवार को आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव में 1516 युनिट रक्त का संग्रहण हुआ। रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर राठौड़ ने स्वयं मौजूद रहकर रक्तदाताओं का होंसला अफजाई की तथा आयोजन समिति व रक्तदाताओं का आभार जताया। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से नवरंग चौधरी लालासी ने नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ का स्वागत किया। इस अवसर पर राठौड़ को 21 किलों की माला पहनाकर स्वागत किया तथा 21 किलों का मिल्क केक काटकर जन्म दिवस मनाया तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर लक्षमनगढ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे दिनेश जोशी,भाकिमो प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रणवा, महावीर चौधरी, नवरंग चौधरी, विवेक चौधरी, डॉ. महेश शर्मा, भवानी सिंह, नरेंद्र सिंह, नरपत सिंह, महावीर कटारिया, लक्ष्मण पीटीआई, भंवर सिंह रणवा, विकास सुडा रक्तवीर बि एल मील नेमीचंद ओमपाल सिंह, हरलाल सिंह, प्रहलाद सिंह, मोहम्मद अल्लाह नूर, प्रकाश भाकर,रामचंद्र सिंह, हरदेव समोता, रिजवान चौहान, सुनील बांगड़वा, दिनेश रणवा, मुकेश मुंड,अरविंद भूकर शिवकुमार मांडीया, डी आर.महरिया, कपिल शर्मा ठेकेदार बऊ आदि मौजूद थे।

# 'कश्ती में अभिव्यक्ति' कार्यक्रम में जल एवं भूमि संरक्षण का मिला संदेश





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राजराजेश्वरी फाउंडेशन राफा हार्ट क्लब की ओर से शहर की पिछोला झील में कश्ती में अभिव्यक्ति के तहत कला साहित्य और गीत - संगीत का अभिनव कार्यक्रम हुआ। संस्था की सहसंस्थापक स्वाति चौहान ने बताया कि इसमें जल एवं भूमि संरक्षण थीम पर शहर के प्रबुद्ध साहित्य एवं कला प्रेमियों ने भावाभिव्यक्ति से झील के बीच मचलती लहरों संग समा बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत राफा हार्ट क्लब के संरक्षक साहित्य एवं शिक्षा जगत के अंतरराष्ट्रीय हस्ताक्षर स्वर्गीय डॉ. कुंवर बेचैन एवं पूर्व आकाशवाणी उप निदेशक स्वर्गीय माणिक आर्य की स्मृति में मौन के साथ हुई।समूचे कार्यक्रम का संचालन सूर्यप्रकाश सुहालका ने किया। वरिष्ठ साहित्यकार राजस्थान साहित्य अकदमी अध्यक्ष माननीय डॉ.दुलाराम सहारण एवं गजल सम्राट डॉ. प्रेम भंडारी की अध्यक्षता एवं अभिव्यक्ति में साहित्य कला प्रेमियों ने पिछोला झील में नौका विहार करते हुए अपने काव्य एवं विचारों से जल एवं भूमि संरक्षण संदेश के साथ शानदार अभिव्यक्ति दी। इनके अलावा अंतरराष्ट्रीय कवि अजातशत्रु, आनंद रत्नु और मुख्य आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा ने भी सरस काव्यपाठ किया।इसी कड़ी में रजत वर्मा वरिष्ठ सहायक निदेशक (हस्तशिल्प इंचार्ज पंजाब राज्य ) ने संपूर्ण उदयपुर की खूबसूरती और धरोहर को सहेजने का संदेश दिया। एलआईसी विकास अधिकारी विजय मारू, अधिवक्ता और साहित्यकार रागिनी शर्मा एवं स्वाति 'शकुंत' ने अपनी काव्य रचनाओं से झील का भी मन मोह लिया। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संदीप पुरोहित ने जल थीम पर ‘फुर्सत मिले तो पानी की हर तहरीर को पढ़ लेना’ के माध्यम से जल की उपयोगिता का महत्व बताया। कार्यक्रम में दिनेश कोठारी (सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी) फोटो पत्रकार राकेश शर्मा 'राजदीप' सूचना एवं जनसंपर्क संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा, हिन्दी व्याख्याता डॉ.दिनेश चारण, सहायक निदेशक जनसंपर्क आबकारी विभाग गौरीकांत शर्मा, योग गुरू सुरेश पालीवाल, डॉ. राजकुमार व्यास, कामिनी आर्य, हिया, कृतिका चौबीसा, मनीषा राठौड़, हेमंत जोशी, मनीष कोठारी आदि उपस्थित थे। **रिपोर्ट /फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल:9829050939**

# जेएसजी गोल्ड का शपथ ग्रहण एवं संगीतमय हाऊजी का आयोजन







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बनीपार्क स्थित गुलाबी नगरी रेस्टोरेंट के वातानुकूलित हाल में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने 360 डिग्री कैमरा पर अपने अपने अंदाज में रील बनवाई और अपने स्टेटस व ग्रुप पर भेजा। प्रोग्राम का एक और आकर्षण था, जादूगर राजेंद्र का मैजिक शो, उन्होंने दो तरह से मनोरंजन किया, पहले तो सबके पास जाकर ग्रुप में मैजिक दिखाया, फिर स्टेज पर से अपने मैजिक शो को परवान चढ़ाया, लगभग पौन घंटा जादूगर राजेंद्र ने सदस्यों को अपने जादू से बांधे रखा। तत्पश्चात वर्ष 2023 से 25 तक के कार्यकाल की गोल्ड टीम के शपथ ग्रहण समारोह में गोल्ड टीम के आग्रह पर रीजन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी, इंटरनेशनल डायरेक्टर एच एल मेहता, रीजन इलेक्ट चेयरमैन राजीव पाटनी और वाइस चेयरमैन नरेश रांवका ने समारोह में आकर अध्यक्ष सुरेंद्र रूपल पाटनी, संस्थापक अध्यक्ष राकेश नीलू गोधा, उपाध्यक्ष राजकुमार राजकुमारी बैद, सचिव विनीत रश्मि चांदवाड, संयुक्त सचिव रोहित कविता जैन व कोषाध्यक्ष भरत प्रतिभा जैन को पदाधिकारी के रूप में और कार्यकारिणी टीम में डा. गौरव दीपशिखा जैन, सरिता दिनेश गोधा, मनीष आरती चांदवाड़, अभिषेक ऋतु गोधा, एवम अक्षत रुचिका पाटनी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। रीजन चेयरमैन ने अपने उदबोधन में कहा कि गोल्ड ग्रुप ने अपने शुभारंभ से ही जेएसजी की सभी गतिविधियों में पूरी सक्रियता से भाग लिया है। आप सभी को गर्व होना चाहिए कि आप गोल्ड परिवार से जुड़े हुए हो। गोल्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हर वर्ष की भांति इस सत्र में भी गोल्ड परिवार धार्मिक, सामाजिक सांस्कृतिक मानव सेवार्थ और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित कर भरपूर सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा और डा. गौरव जैन ने किया। शपथ कार्यक्रम के बाद मनोरंजक कार्यक्रम में फरमाइश की बिंदास फिल्मी गीतों की हाऊजी का शानदार आयोजन किया गया। बेहतरीन साउंड सिस्टम पर डांसिंग सोंग्स पर सदस्यों व बच्चों ने खूब डांस और एंजॉय किया। हाऊजी के उपहार राकेश नीलू गोधा की ओर से प्रदत किए गए। आए हुए सभी सदस्यों को इस मौके पर गोल्ड ग्रुप की ओर से उपहार स्वरूप सुंदर सा कारपेट भेंट किया गया। ये उपहार ग्रुप के सक्रिय भरत प्रतिभा जैन के सौजन्य से प्रदत किए गए। कार्यक्रम संयोजक मनीष आरती चांदवाड़, अभिषेक ऋतु गोधा और अक्षत रुचिका पाटनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# आखा तीज महान, दिया कर्मों का ज्ञानः आचार्य अतिवीर मुनि

शाबाश इंडिया




जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव श्री ऋषभदेव भगवान को वैसाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि को हस्तिनापुर में इक्षु रस का प्रथम आहार प्राप्त हुआ था. उसी दिन से दान-तीर्थ का प्रवर्तन हुआ तथा इस शुभ तिथि को अक्षय तृतीया के नाम से पुकारा जाने लगा. महामुनि ऋषभदेव ने जैनेश्वरी दीक्षा अंगीकार कर सर्वत्र अहिंसा का पाठ पढ़ाया तथा जन मानस के समक्ष त्याग-तपस्या की परिभाषा को लिख डाला. छह माह तक घोर तपश्चर्या के पश्चात जब मुनिराज आहारचर्या हेतु नगर की ओर बढे तो किसी भी श्रावक को दिगम्बर मुनिराज की आहारचर्या की विधि का ज्ञान नहीं था. राजा श्रेयांस को जाति-स्मरण हुआ तब उन्होंने पड़गाहन कर नवधाभक्ति पूर्वक महामुनि ऋषभदेव का निरन्तराय आहार करवाया। हम सभी ने महामुनि की प्रथम आहारचर्या की खुशी तो मना ली परन्तु क्या कभी इस तथ्य पर गौर किया कि ऐसे महातपस्वी को भी आहार के लिए इतने लम्बे समय के लिए क्यों इंतजार करना पड़ा? क्या सदैव तपस्या में संलग्न, सदा कर्मों की निर्जरा में तत्पर महामुनि ऋषभदेव को भी पूर्व में किए गए कर्मों का हिसाब देन शायद हम सभी ने अपनी सुविधा के लिए इन सभी विषयों को गौण कर बस उनकी प्रथम आहारचर्या का उत्सव मना लिया. लेकिन वास्तविकता को नकारा नहीं जा सकता और हमें इसपर चिन्तन अवश्य करना होगा कि कर्मों की मार से कोई भी, कभी भी, किसी भी सूरत में नहीं बच सकता ।अक्षय तृतीया केवल महामुनि ऋषभदेव का पारणा दिवस नहीं है अपितु यह दिवस इस बात का भी द्योतक है कि पूर्व में किए गए कर्म हमारे आगे अवश्य आते है तथा हमें उन सभी का हिसाब-किताब यही पर चुकता करना पड़ता है. राजकुमार अवस्था में श्री ऋषभदेव ने फसल की सुरक्षा के लिए जानवरों के मुख पर छींका बांधने की प्रेरणा दी थी, फलस्वरूप उन्हें छः माह तक आहार प्राप्त नहीं हुआ. अब प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल प्रेरणा देने मात्र से इतना कष्ट? जी हाँ, बिलकुल ऐसा ही होता है. आगम के झरोके से यह स्पष्ट होता है कि सभी जीवों को कृत-कारित-अनुमोदना, इन तीनों के द्वारा पाप कर्म का आश्रव होता है. पाप को स्वयं करना अथवा किसी दूसरे के द्वारा करवाना अथवा किसी दूसरे के द्वारा किए गए पाप की प्रशंसा करना, इन सभी में महापाप का बंध होता है।हम सभी को अपने अन्तरंग में झाँककर यह भली प्रकार से देख लेना चाहिए कि हम कब, कहाँ और किस प्रकार से पाप कर्म का बंध कर रहे हैं. जीवन में सदैव सचेत अवस्था में रहकर पाप से बचते हुए अपने परम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अविरल बढ़ते रहना चाहिए।

# जैन महासमिति ने दान दिवस पर मानव सेवा का कार्य किया



पारस जैन पार्श्वमणि. शाबाश इंडिया

**कोटा।** दिगम्बर जैन महिला महासमिति एवम लेडिस यूनिटी सोशल ग्रुप द्वारा सेवाधाम वर्द्धाश्रम में एक माह की भोजन दैनिक उपयोग सामग्री एवम एक मिक्सी दी गई। अध्यक्ष मधुशाह ने बताया कि आदिनाथ भगवान के पारणा दिवस दान दिवस के उपलक्ष में संस्थाओं द्वारा सदस्यो के सहयोग से यह कार्य किया गया। इस पुनीत कार्य मे पूर्व उपमहापौर श्रीमती सुनीता जी व्यास एवम रेखा गोधा , ह्यूमन हेल्प लाइन के संयोजक मनोज जी आदिनाथ की गौरवमय उपस्तिथि रही। उपाध्यक्ष श्रीमती मदुर्ला ने बताया कि सँगीता शेलेन्द्र , सँगीता रावका के संयोजक में करीब 30 सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी सदस्यो ने बुजुर्गों से हालचाल पूछा स्वास्थ्य की जानकारी ली सबको हाथों से भोजन परोसा ओर यह कार्य करके स्वयम को गौरान्वित महसूस किया और आगे भी जब जब संस्था को सहयोग की आवश्यकता होगी सहयोग देते रहने का आश्वाशन दिया। सँगीता तलवंडी, अनिता बज मंजू अजमेरा, स्वाति पाटनी, अनिता पटौदी, मोनिका , गुनमाला, नैना जैन मीना पाटनी, शकुंतला दुगेरिया, अर्चना टोंगया, प्रिया अग्रवाल, आशा लुंगया रजनी गंगवाल फूल कवर ,ऋतु अजमेरा, आदि सदस्यो ने सेवा के कार्य करके गौरान्वित महसूस किया।उक्त समस्त जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि कोटा ने प्रदान की।



# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन 29 अप्रैल से , सूरत प्रवासी सौभाग्यशाली चिरंजीलाल सीमा देवी सेठी बनेंगे तीर्थंकर के माता पिता

**सीकर. शाबाश इंडिया**

श्री मज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन 29 अप्रैल से शहर के नवलगढ़ रोड स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर में होने जा रहा है। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। प्रचार मंत्री विवेक पाटोदी ने बताया कि पांच दिवसीय इस महोत्सव में सीकर से जुड़े चिरंजीलाल सीमा देवी सेठी को तीर्थंकर के माता पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। पात्रों में सौधर्म इंद्र जयप्रकाश हेमलता काला लालास वाले, कुबेर राजकुमार आशा देवी पाटनी व यज्ञनायक ज्ञानचंद संतोष पाटनी होंगे।



## महोत्सव को लेकर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की शहर विधायक व सभापति से भेंट

महोत्सव के महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया कि महोत्सव को लेकर समाज के अनुभव सेठी व शशि दीवान सहित प्रतिनिधिमण्डल ने बुधवार को शहर विधायक राजेन्द्र पारीक व सभापति जीवन खां साहब से मुलाकात की व आयोजन से अवगत करवाया और आमंत्रण प्रति भेट करते हुए उनसे आयोजन को लेकर चर्चा की ।इस दौरान उप सभापति अशोक चौधरी ,महोत्सव के महामंत्री सुनील पहाड़िया , रवि पाटनी , पदम भरतिया, संतोष बिनायकया, जयंत पाटोदी उपस्थित थे ।

## महोत्सव हेतु आचार्य श्री विवेक सागर जी ससंघ का मंगल प्रवेश 23 को

परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री विवेक सागर जी महाराज , ससंघ का मंगल विहार धर्मनगरी सीकर की ओर चल रहा है ।गुरुवार को प्रातःकाल जोबनेर से रेनवाल होते हुए कुली तक मंगल विहार हुआ ।संतोष बिनायक्या व पदम सेठी ने बताया कि मंगल विहार में सीकर से विदेह डोसी, सुनील छाबडा दुधवा, मोनू जयपुरिया, बबल छाबड़ा, पदम सेठी, अजय मानजिका, विकास लुहाड़िया व सायंकाल विहार में प्रियंक गंगवाल , प्रदीप सेठी श्री माधोपुर , संतोष बिनायक्या किरडोली , अजित पाटनी सहित बड़ी संख्या में रेनवाल व आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु सम्मिलित हुए। विकास लुहाड़िया ने बताया कि आचार्य श्री ससंघ का रात्रि विश्राम कुली में हुआ। शुक्रवार को प्रातः सीकर की ओर बढ़ते हुए मंगल विहार दांता के लिए होगा। विहार व्यवस्था में रेनवाल के पंकज गंगवाल सहित जैन समाज रेनवाल का भरपूर सहयोग रहा।



शहर के चित्रकार ओमप्रकाश सोनी।

# वरिष्ठ चित्रकार ओमप्रकाश बिजलियां बने कार्यशाला समन्वयक

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

बड़ौदा में उत्तरायण आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में 10 दिवसीय कार्यशाला 20 अप्रैल को शुरू हुई। पारंपरिक क्षेत्रीय चित्र शैलियों में सबसे प्राचीन मेवाड़ कलम के चितेरों ने 16वीं सदी ओरछा के कवि केशवदास रचित 'रसिकप्रिया' और 11वीं सदी उड़ीसा के भक्त कवि जयदेव कृत 'गीत गोविंद', 'राधा - कृष्ण' के अनुराग और प्रेमाख्यान पर आधारित काव्य, पदों पर अनुपम चित्रों की 17वीं और 18वीं सदी में रचनाएं उकेरी। बता दें, उसी काल की मेवाड़ कलम और पारंपरिक पद्धति से चित्रांकन राजस्थान के 8 चित्रकारों द्वारा किया जाएगा। इस रचना कार्य के लिए शहर के नामचीन कलाकार ओमप्रकाश सोनी (बिजौलियाँ) को समन्वयक बनाया गया है। इस कार्यशाला में उदयपुर से सोनी के अलावा मनदीप शर्मा, संदीप शर्मा, राजेश सोनी, पुष्कर लोहार, जयपुर से संजीव शर्मा, भीलवाड़ा से अजय सोनी और कोटा से प्रमोद सोनी जैसे चित्रकार जुड़ेंगे। रिपोर्ट : दिनेश शर्मा मोबाइल : 9828540157